NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-32, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 07 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# किसानों-पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं: पीएम मोदी

## टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा- 'व्यक्तिगत कीमत चुकाने को भी तैयार'




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इन हितों की रक्षा के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई कीमत चुकानी पड़ी, तो वे इसके लिए तैयार हैं। पीएम मोदी ने ये बात मशहूर कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी पर आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में कही।

**हमारे लिए किसानों का हित सर्वोपरि- पीएम**

प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशु पालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशु पालकों के लिए आज भारत तैयार है।'

**भारत उठा सकता है कड़े फैसले**

अमेरिका से बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच पीएम मोदी का ये बयान यह दशार्ता है कि भारत अपने और अपने नागरिकों के हित की रक्षा के लिए कड़े फैसले उठा सकता है। बता दें कि अमेरिका की तरफ से भारी टैरिफ (7 अगस्त से 25 फीसदी लागू हो गया है, अतिरिक्त 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू होगा) लगाए जाने को भारत ने अनुचित बताया है और कहा है कि इससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचेगा। ऐसे माहौल में पीएम मोदी का यह बयान किसानों के हितों को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# भारत पर टैरिफ बढ़ाकर ट्रम्प बोले- अभी बहुत कुछ बाकी

## सेकेंडरी सैंक्शन्स भी लगने वाले हैं



**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और ज्यादा प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। उन्होंने बुधवार रात पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, अभी सिर्फ 8 घंटे ही हुए हैं। अभी तो बहुत कुछ होना बाकी है। बहुत सारे सेकेंडरी सैंक्शंस आने वाले हैं।

ट्रम्प ने भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लागू करने को लेकर पूछे गए सवाल पर यह जवाब दिया। ट्रम्प से पूछा गया था कि अमेरिका ने भारत पर ही क्यों सख्ती की, जबकि चीन जैसे और देश भी रूस से तेल खरीद रहे हैं। भारत पर अब कुल अमेरिकी टैरिफ 50% हो गया है। ट्रम्प ने बुधवार को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर 25% टैरिफ बढ़ा दिया। बढ़ा हुआ टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। मंत्रालय ने बुधवार रात बयान जारी कर कहा- अमेरिका ने हाल ही में भारत के रूस से किए जा रहे तेल आयात को निशाना बनाया है। हमने पहले ही साफ कर दिया है कि हम बाजार की स्थिति के आधार पर तेल खरीदते हैं और इसका मकसद 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगा रहा है, जबकि कई और देश भी अपने हित में यही काम कर रहे हैं। हम दोहराते हैं कि ये कदम अनुचित, नाजायज और गलत हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा।

# अदालत में जस्टिस यशवंत वर्मा की अपील खारिज



**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। जली हुई नकदी बरामद होने के मामले में जांच प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत की पीठ जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एजी मसीह ने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, इसलिए उनकी याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। इस अहम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ये भी माना कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पत्र भेजा, वह असंवैधानिक नहीं था। मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने आंतरिक जांच पैनल की उस रिपोर्ट को अमान्य ठहराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में दोषी पाया गया था। जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि जांच समिति की रिपोर्ट और उसे राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को भेजना असंवैधानिक है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को ठुकरा दिया।

दर्दनाक एक्सीडेंट

# ट्रक से चार नाबालिग लड़कों की मौत




**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में आज सुबह एक ट्रक के टक्कर मारने से चार नाबालिग लड़कों की मौत हो गई और दो अन्य लड़के घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे आरमोरी-गढ़चिरौली राजमार्ग पर हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 12 से 16 वर्ष की आयु के छह नाबालिग लड़के जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर कटली गांव में सड़क किनारे बैठे थे तभी एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि इन लड़कों में से चार की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस दुर्घटना पर खेद व्यक्त किया है।

# पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड के दो शूटरों का एनकाउंटर, पिसावां में मुठभेड़ में ढेर

**लखनऊ।** सीतापुर के महोली निवासी पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने दो शूटरों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में मारे गए शूटरों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। जानकारी के अनुसार, सीतापुर के महोली निवासी पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी हत्याकांड में वांछित और एक-एक लाख रुपये के इनामिया बदमाश संजय तिवारी और राजू तिवारी की बृहस्पतिवार सुबह पिसावां में पुलिस से मुठभेड़ हुई।



# अब शिमला में फटा बादल यूपी में नदियां उफान पर





**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में 2 दिन से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शिमला जिले में बुधवार रात 10:15 बजे बादल फट गया। जिससे नोगली नाले में बाढ़ आ गई।

बुधवार को मंडी के दवाड़ा में चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के फ्लाइओवर पर लैंडस्लाइड से दरारें आ गई हैं। प्रदेश में मंडी-मनाली, चंडीगढ़-शिमला फोरलेन समेत 533 सड़कें बंद हो गई हैं। यूपी में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। प्रयागराज, वाराणसी समेत 24 जिलों के 1,245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बारिश के चलते अब तक 360 मकान ढह चुके हैं। पिछले 2 दिन में बाढ़ और बारिश से जुड़े हादसों में 16 लोगों की मौत हुई है। बुधवार को फरुर्खाबाद के पंखियन गांव में गंगा नदी में एक मकान 10 सेकेंड में समा गया। लखीमपुर खीरी में शारदा नदी उफान पर है। अयोध्या में सरयू नदी का जलस्तर डेंजर लेवल से 2 सेमी ऊपर पहुंच गया है। 48 गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।

इधर, बिहार में गंगा और सोन नदी उफान पर हैं। राज्य के कई गांव जलमग्न हैं। पटना में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई हैं। पटना सिटी में भद्रघाट और महावीर घाट में सर्विस लेन पर गंगा का पानी 2 फीट तक आ गया है।

## नाव पर निकली बरात: बाढ़ में दुल्हनिया लेने गया दूल्हा, बिना बैंड-बाजा के जुटे बराती

बलिया से लेकर बिहार के बक्सर जिला में आई बाढ़ की विभीषिका के बीच एक उत्सवी माहौल देखने को मिला, जिसमें ऊफनाती गंगा की लहरों पर नावों से बरात ले जाने का दृश्य चर्चा का विषय बना हुआ है। बक्सर के सिमरी दियारा क्षेत्र में, जहां गंगा नदी के उफान और बाढ़ के पानी से घिरे इलाके में एक अनोखी बरात निकली। सड़कें डूब चुकी है, लेकिन शादी रद्द नहीं हुई। मंगलवार को दूल्हा और बाराती नाव पर सवार होकर दुल्हन के घर पहुंचे। यह अनूठी बरात नैनीजोर लाल डेरा गांव के रहने वाले कमलेश राम के पुत्र राजेश कुमार की थी। राजेश की शादी उत्तर प्रदेश बलिया जिले के बेयासी गांव में तय थी। सब तैयारी पहले से हो चुकी थी, लेकिन अचानक बाढ़ ने सारे रास्ते बंद कर दिए। गंगा के ऊफान के कारण सड़क मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया, ऐसे में बरात को टालना या रद्द करना मुश्किल था।

# धराली त्रासदी-150 लोग दबे होने की आशंका: अब तक 5 शव मिले

### रेस्क्यू ऑपरेशन सेना के हवाले; दावा- ग्लेशियर पिघलने से तबाही





**उत्तरकाशी।** धराली मलबे में दफन है। आसपास न सड़क बची, न बाजार। जहां नजर उठाओ, सिर्फ 20 फीट का मलबा और दिल चीरने वाला सन्नाटा है। जेसीबी जैसी बड़ी मशीनें 36 घंटे बाद भी नहीं पहुंच पाई हैं। आर्मी के जवान हाथों से बड़े-बड़े बोल्डरों वाले मलबे के नीचे जिंदगियां खोज रहे हैं।

150 से ज्यादा लोग दबे हो सकते हैं, क्योंकि जब सैलाब आया, उस वक्त गांव के लगभग सभी बुजुर्ग 300 मी. दूर पूर्वजों के मंदिर में सामूहिक पूजा में थे। वे बच गए। लेकिन गांव में मौजूद ज्यादातर युवा, कारोबारी और पर्यटक सैलाब की चपेट में आ गए। भास्कर टीम धराली से 60 किमी दूर भटवारी में है। यहां से आगे सड़क टूट चुकी है। प्रशासनिक और बचाव टीमें बुधवार को भी आगे नहीं बढ़ पाईं। बड़ी मशीनें और अतिरिक्त टुकड़ियां धराली नहीं पहुंच पाई हैं, क्योंकि भटवाड़ी से धराली तक 60 किमी में करीब 5 जगह सड़क टूट चुकी है।

पूरा ऑपरेशन सेना को सौंप दिया गया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनारी के पास पुल भी बह चुका है। सेना वैली ब्रिज बना रही है। गुरुवार को बन सकता है। फिर मदद पहुंचने लगेगी। वायुसेना भी एमआई-17 हेलिकॉप्टर, एएलएच एमके-3 एयरक्राफ्ट के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटेगी। एएन-32 और सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भी आगरा से देहरादून पहुंच चुके हैं। ये गुरुवार को उड़ान भर सकते हैं।

# राहुल बोले- ट्रम्प का 50% टैरिफ इकोनॉमिक ब्लैकमेल



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने बुधवार को रूसी तेल खरीदने पर भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। साथ ही इसे भारत सरकार को अनुचित व्यापार समझौते के लिए धमकाने के लिए इकोनॉमिक ब्लैकमेल करार दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए लिखा कि पीएम को अपनी कमजोरी को भारतीय लोगों के हितों पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

राहुल का यह बयान अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प के भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद आया है इससे पहले 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। यह आदेश 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से लागू होगा। हालांकि भारत ने अमेरिका के कदम को अनुचित बताते हुए रद्द कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। इससे पहले 3 अगस्त को ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताने पर कहा था कि मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने संसद के बाहर मीडिया के सवाल के जवाब में कहा था- पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अडाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। ट्रम्प सही कह रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर सभी जानते हैं कि भारत की इकोनॉमी डेड है।



फ्रांस की राजधानी जा रहा इबेरिया का एक विमान हवा में पक्षी से टकरा गया। इससे फ्लाइट का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विमान के नोज वाले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इससे यात्रियों की जान मुश्किल में फंस गई। इसके बाद उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, तब जाकर यात्रियों की जान बच सकी। बताया जा रहा है कि यह फ्लाइट पेरिस जा रही थी।

# पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर फिर जाएंगे अमेरिका



**इस्लामाबाद।** एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के खिलाफ टैरिफ वॉर छेड़ रखी है तो वहीं दूसरी तरफ उनका पाकिस्तान प्रेम परवान चढ़ता दिख रहा है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसीम मुनीर दो महीने में दूसरी बार अमेरिका का दौरा करने जा रहे हैं। इससे पहले मुनीर ने जून में अमेरिका का दौरा किया था। असीम मुनीर के बाद पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने भी अमेरिका का दौरा किया था।

जनरल असीम मुनीर यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल ई कुरिल्ला के विदाई समारोह में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा करने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि कुरिल्ला का विदाई समारोह फ्लोरिडा के टैम्पा स्थित यूएस सेंट्रल कमांड मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल ई कुरिल्ला ने जुलाई के अंत में पाकिस्तान की यात्रा की थी। अमेरिकी यूएस सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल कुरिल्ला का पाकिस्तान के प्रति गहरा लगाव रहा है और उन्होंने आतंकवाद, खासकर इस्लामिक स्टेट - खुरासान के खिलाफ लड़ाई में इस्लामाबाद की भूमिका की अक्सर सराहना की है। हालांकि, कुरिल्ला ने तर्क दिया है कि अमेरिका को भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अच्छे संबंध रखने की आवश्यकता है।

# ओडिशा के पूर्व उप-सभापति विभूति भूषण सिंह मर्दराज का निधन



**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता विभूति भूषण सिंह मर्दराज का भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे।

नयागढ़ जिले के खंडापाड़ा के शाही परिवार के वंशज, मर्दराज हृदय संबंधी बीमारियों का इलाज करा रहे थे। पिछले कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। 1980 और 1990 के दशक में मर्दराज ओडिशा के राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख व्यक्ति थे। खंडापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधानसभा सदस्य (विधायक) चुने गए, वे 1980, 1985 और 1995 में निर्वाचित हुए। अपने पूरे कार्यकाल में, उन्होंने मंत्री और ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 07 अगस्त, 2025




# मथुरा में दर्दनाक एक्सीडेंट में तीन कांवड़ियों की मौत

एनएनआई

**मथुरा।** थाना जमुना पार क्षेत्र में गुरुवार तड़के सुबह एक भीषण सड़क हादसे में गंगाजल लेकर लौट रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसा बरेली-जयपुर हाईवे पर सुबह करीब 3 बजे हुआ, जब भरतपुर जिले के बयान क्षेत्र निवासी चार श्रद्धालु ट्रैक्टर से सोरों से गंगाजल लेकर अपने गांव लौट रहे थे। तभी अचानक एक ट्रक का टायर फट गया और वह बेकाबू होकर ट्रैक्टर से टकरा गया।

हादसे में ट्रैक्टर पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय किशोर और एसपी सिटी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को तुरंत अस्पताल भेजा गया और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज



दिया गया। ट्रक का टायर फटना बना हादसे की वजह एसपी सिटी राजीव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक का टायर फटने के कारण वह बेकाबू हो गया और ट्रैक्टर से टकरा गया। मृतकों की पहचान की जा रही है और उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। घायल का उपचार अस्पताल में जारी है। पुलिस ने आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पूरे गांव में मातम पसरा है और परिजन गहरे सदमे में हैं।

### जमीन के बंटवारे पर भाइयों में विवाद

## बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी गोली, गंभीर घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी क्षेत्र के गांव गढ़ी पुरानी में जमीन के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को गोली मार दी।

घटना में 32 वर्षीय चरण सिंह उर्फ सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत स्थानीय ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर बाद में उन्हें आगरा रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, मोहन सिंह उर्फ मोनू और उनके छोटे भाई चरण सिंह के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि मोहन सिंह ने घर में रखे तमंचे से अपने छोटे भाई चरण सिंह को गोली मार दी। गोली लगते ही चरण सिंह जमीन पर गिर गए और परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिवार के अन्य सदस्य तुरंत घायल चरण सिंह को ट्रॉमा सेंटर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना उत्तर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के परिजनों से घटना की जानकारी ली। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर में गोली मार दी। हालत गंभीर होने पर घायल को आगरा रेफर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## प्लास्टिक के कबाड़ गोदाम में लगी आग

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के दुर्गेश नगर में बुधवार को एक प्लास्टिक कबाड़ गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक व अन्य ज्वलनशील सामग्री मौजूद थी। इस कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते पूरा गोदाम आग की चपेट में आ गया। लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। अब कूलिंग का कार्य किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो सकेगी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौजूद रही। स्थिति पर नजर बनाए रखी गई। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह गोदाम मोहम्मद जीशान का था जो थाना रसूलपुर क्षेत्र में स्थित है।

## पूर्व जिला-पंचायत अध्यक्ष की बहन की मौत, निकाला-मार्च

**फिरोजाबाद।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष की बहन नीतेश की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर बुधवार शाम मार्च निकाला। उन्होंने डीएम प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

नीतेश की शादी 30 नवंबर 2012 को मुकेश प्रताप सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। मुकेश प्रताप सिंह भीमनगर, अजीत नगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा के निवासी रमेश चंद्र वर्मा के पुत्र हैं। परिजनों का आरोप है कि 30 जुलाई को दोपहर लगभग 3 बजे ससुरालीजनों ने षड्यंत्र रचकर नीतेश की हत्या कर दी। आरोपियों में पति मुकेश प्रताप सिंह, ससुर रमेश चंद्र शर्मा, सास सुज चंद्रा, देवर अनुभव चंद्रा और ननद आस्था पूनम शामिल हैं।



## ईओ की कुर्सी पर बैठकर बनाई रील, युवक गिरफ्तार



**हाथरस।** सिकंद्राराऊ में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर रील बनाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही ड्यूटी पर तैनात चपरासी को भी निलंबित कर दिया गया है। 4 जुलाई को नगर पालिका कार्यालय के ईओ कक्ष में कुछ युवकों ने अधिशासी अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर रील बनाई। इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

वीडियो सामने आने के बाद नगर पालिका के कई सभासदों ने इस पर आपत्ति जताई। सभासदों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ईओ संदीप सक्सेना को ज्ञापन सौंपा।

मामले की जांच शुरू होने पर ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के आरोप में चपरासी कफील को निलंबित कर दिया गया। इस घटना में शामिल आरोपी युवक आसिफ के खिलाफ कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने आसिफ को हिरासत में लिया। हालांकि जमानती धारा होने के कारण उसे तत्काल जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# धर्मांतरण: लड़कियों के हर अंग की लगती थी बोली

एनएनआई

**आगरा।** अवैध धर्मांतरण गिरोह का एक और चेहरा सामने आया है। मास्टरमाइंड सहित अन्य आरोपियों के तार मानव तस्करी और अंग बेचने वाले रैकेट से जुड़े होने की जानकारी पुलिस को मिली है। इस पर टीम ने गहनता से पड़ताल शुरू कर दी है। आशंका है कि खरीद-फरोख्त का यह खेल विदेशों तक फैला था। मजदूर और कमजोर वर्ग को झांसे में लेते थे।

मार्च में सदर क्षेत्र से लापता हुईं कारोबारी की दो बेटियां 18 जुलाई को कोलकाता के तपसिया इलाके में पुलिस को मिली थीं। 19 जुलाई को 6 राज्यों से 10 आरोपी भी पकड़े गए थे। बाद में दिल्ली का मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान पकड़ा गया। उसके दो बेटे और एक अन्य बाद में पकड़े गए। अब्दुल रहमान सहित 11 आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ हुई।

पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि पहले यह गिरोह



धर्मांतरण कराने तक ही सीमित होने का लग रहा था। मगर, जैसे-जैसे पूछताछ आगे बढ़ती गई, वैसे-वैसे नई जानकारी सामने आने लगी। मास्टरमाइंड सहित अन्य से पूछताछ में गिरोह के तार मानव तस्करी करने वाले और मानव अंगों को बेचने वाले रैकेट से भी होने की बात सामने आई है।


कमजोर और मजदूर वर्ग के लोगों को जाल में फंसाया जाता था। खासतौर पर लड़कियों को धर्म परिवर्तन के बाद विदेश जाने के लिए तैयार करते थे। हां बोलने पर तस्करी का खेल होता था। जानकारी यह भी है कि मानव अंगों को भी बेचा जाता था। हालांकि पुलिस के पास कोई पीड़ित नहीं आया है। इसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। गिरोह के सदस्यों से मिली जानकारी के आधार पर इस रैकेट में शामिल लोगों की भी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# बाइक सवार युवक ने भाजपा नेता को सरेराह मारी गोली

- हरी पर्वत क्षेत्र में बाइक सवार युवक ने बोला हमला
- देर रात घटना से मची अफरा-तफरी, पुलिस जांच में जुटी

एनएनआई

**आगरा।** हरी पर्वत थाना क्षेत्र के शाह मार्केट के बाहर बीती रात दुकान पर अंडे खा रहे डेयरी व्यवसायी भाजपा नेता सुमित दिवाकर को गोली मार दी गई। गोली उनके कान के पास से छूती हुई निकल गई। वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमलावर बाइक पर बैठकर भाग निकला। घायल भाजपा नेता को परिचित थाना हरीपर्वत लेकर




पहुंचे। बाद में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस हमलावर की तलाश में जुटी है।

नगला पदी न्यू आगरा निवासी सुमित दिवाकर की डेयरी है। वह भाजपा महानगर के कार्य निर्माण विभाग के सह संयोजक हैं। रात तकरीबन 11:30 बजे शाह मार्केट के बाहर दुकान पर अंडे खाने आए थे। इसी दौरान एक युवक आया। उसने गोली चला दी। वह पीछे की तरफ घूम गए। इससे गोली उनके कान के पास से छूकर निकली और टिन में जा लगी।

आवाज सुनकर आसपास के खड़े लोग घबरा गए। वह दूर भाग गए। सुमित जमीन पर गिर गए। वह बेहोश हो गए। दुकान पर मौजूद अन्य लोगों ने घायल सुमित दिवाकर के चेहरे पर पानी डाला। इसके बाद थाना हरीपर्वत लेकर आए। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। उनके दोस्त दीप विनायक ने बताया कि शाह मार्केट क्षेत्र के रहने वाले सोहेल नामक युवक ने हमला किया। पूर्व में उससे विवाद हुआ था। थाना हरीपर्वत में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने शांतिभंग में कार्रवाई की थी। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि हमले का आरोप सोहेल नामक युवक पर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम को लगा दिया गया है। उधर, रात में बाजार में पुलिस नहीं होने की वजह से हमलावर आसानी से भाग निकला।

# फर्जी तरीके से बन बैठा गैस एजेंसी का मालिक

### तीन युवकों ने फर्जीवाड़ा कर 55 लाख ठगे

एनएनआई

**आगरा।** दूसरे की गैस एजेंसी को अपनी बताकर ट्रांसफर करने के नाम पर तीन युवकों ने 55 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़ित ने अदालत में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। सीजेएम ने ताजगंज के धांधूपुरा निवासी सोमवीर सिंह और उसके रिश्तेदार रनवीर सिंह, कुंवरपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर थाना सदर को विवेचना के आदेश दे दिए।

सदर निवासी राजदीप सिंह ने अदालत में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर आरोप लगाया कि धांधूपुरा निवासी सोमवीर सिंह ने खुद को कुराचित्तरपुर क्षेत्र स्थित अवि इंडेन एलपीजी गैस एजेंसी का मालिक बताया था। कहा कि वह गैस एजेंसी को बेचना चाहता है। वादी से 2.21 करोड़ रुपये में गैस एजेंसी को उनके नाम ट्रांसफर करने का सौदा तय कर लिया।

18 जुलाई 2024 को विपक्षी ने 5 लाख रुपये एडवांस ले लिए। कुछ दिन बाद विपक्षी ने अपने भाई रनवीर सिंह और रिश्तेदार कुंवर पाल के नाम का बहाना बनाकर 50 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। एजेंसी ट्रांसफर करने की कहने पर आए दिन बहाने बनाने लगा। जानकारी करने पर पता चला कि एजेंसी का मालिक विपक्षी सोमवीर सिंह नहीं दिल्ली निवासी सुम्मेर सिंह है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# साझेदार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा




**आगरा** एनएनआई। साझेदार ही धोखेबाज निकला। साझे की फर्म की सम्पत्तियों और वाहनों को अवैध रूप से बेच दिया। पार्टनर ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

कमला नगर निवासी आलोक गर्ग ने अपने पूर्व साझेदार नीरज कुमार अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। न्यायालय के आदेश पर हरीपर्वत थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि फर्म से अलग होने के बाद भी अवैध रूप से फर्म की संपत्तियों को बेचा गया। दो वाहन भी फर्जी रूप अपने नाम ट्रांसफर करा लिए। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।





### रक्षाबंधन से पहले एफएसडीए का एक्शन, कई दुकानों पर कार्रवाई

# 50 किलो सोनपपड़ी जब्त, 32 नमूने भी लिए

एनएनआई

**आगरा।** खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने रक्षाबंधन की वजह से जांच अभियान तेज कर दिया है। बुधवार को मिलावट की आशंका पर 50 किलो सोनपपड़ी और 13 लीटर एडिबल ऑयल जब्त किया है। इनकी कीमत करीब 1.82 लाख रुपये है। इनके साथ दूध, खोआ, मिठाई समेत विभिन्न सामग्री के 32 नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेजे गए हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य महेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि लंगड़े की चौकी स्थित बिजनौर वाला प्रतिष्ठान पर टीम ने जांच की। यहां सोनपपड़ी घटिया प्रतीत हो रही थी। इस पर 50 किलो सोनपपड़ी को जब्त कर लिया है। इसकी कीमत 1.80 लाख रुपये है। सिकंदरा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कारगिल ट्रेडिंग कंपनी में जांच में एडिबल ऑयल मिला। इसमें भी मिलावट की आशंका थी, इस पर 13 लीटर ऑयल को जब्त कर जांच के लिए नमूना लैब भेजा है। इसकी कीमत 2561 रुपये है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि दूध, बेसन, पेड़ा, बर्फी, पनीर, घी, मैदा, सौंफ, घेवर समेत 32 नमूने लेकर लैब में जांच करा रहे हैं। नमूना फेल होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 07 अगस्त, 2025


# जर्जर भवनों में नहीं होंगे कक्षाएं, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

### 298 स्कूल भवन चिह्नित, 141 का हो चुका है ध्वस्तीकरण

एनएनआई



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में परिषदीय स्कूलों के जर्जर भवनों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 298 विद्यालय भवनों को जर्जर स्थिति में पाया गया है। इनमें से 141 भवनों का ध्वस्तीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 157 विद्यालयों के लिए तकनीकी समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है।

जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉकों में खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं आरईएस जेई को सम्मिलित कर कमेटी गठित करने और सभी भवनों का पुनः सत्यापन कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, अतः जोखिमपूर्ण भवनों को तत्काल शील किया जाए और उन पर 'जर्जर-असुरक्षित भवन' का बोर्ड लगाया जाए।

जहां भवन बेहद खतरनाक हैं, वहां कक्षाएं पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय अथवा अन्य सुरक्षित स्थानों पर संचालित की जाएं। मरम्मत योग्य विद्यालयों के लिए प्रस्ताव तैयार कर अविलंब कार्यवाही की जाए। बैठक में बीएसए जितेन्द्र गोंड समेत सभी खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## पालीवाल पार्क में गूंजा 'हमारा भारत-स्वच्छ भारत'

### क्रिएशन ग्रुप ने नुक्कड़ नाटक से दी प्रेरणा




एनएनआई

**आगरा।** भारत विकास परिषद अमृतम् द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत पालीवाल पार्क में आयोजित नुक्कड़ नाटक ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। फिल्म थिएटर क्रिएशन ग्रुप के कलाकारों ने 'हमारा भारत-स्वच्छ भारत' विषय पर जीवंत अभिनय कर दर्शकों को भावुक कर दिया और स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। संस्था अध्यक्ष कुलभूषण गुप्ता (राम भाई) ने बताया कि इस नाटक के माध्यम से समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का उद्देश्य सफल रहा। कार्यक्रम संयोजक अनिल जैन रहे। कलाकारों के प्रभावशाली प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सभी ने एक स्वर में संदेश दिया– स्वच्छ भारत ही सशक्त भारत की नींव है। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष उमेश बंसल, क्षेत्रीय संयोजक हरिनारायण चतुर्वेदी, संस्कृति माह प्रभारी अम्बा प्रसाद गर्ग, पूर्व चैंबर अध्यक्ष अतुल गुप्ता, पूर्व सराफा अध्यक्ष पवन दौनेरिया, संरक्षक उमेश बाबू अग्रवाल, आरएस गुप्ता, विजय अग्रवाल, सचिव राजीव प्रीति गोयल, कोषाध्यक्ष मयंक साक्षी जैन सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर व महादेव सेना की गौरवशाली उपलब्धि–भाजपा

### भाजपा महानगर कार्यालय पर तिरंगा अभियान को लेकर हुई कार्ययोजना बैठक

एनएनआई





**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को ब्रज क्षेत्र कार्यालय, जयपुर हाउस पर महानगर कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि रामप्रताप सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को भारत की सैन्य ताकत का परिचय कराया है। यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में संभव हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में देश के साथ विश्वासघात हुआ, जबकि अब एक इंच जमीन भी किसी को नहीं दी जाएगी। बैठक में राजकुमार गुप्ता ने बताया कि 10 से 12 अगस्त तक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्राएं व स्वच्छता अभियान, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस और 15 अगस्त को ध्वजारोहण होगा। कार्यशाला में टी एन अग्रवाल, हेमंत भोजवानी, रश्मि धाकड़, राहुल सागर, महेश शर्मा सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आगरा कॉलेज में नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

एनएनआई



**आगरा।** आगरा कॉलेज में बीएससी (आईटी), बीबीए, बीसीए, बायोटेक्नोलॉजी, जर्नलिज्म सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित छात्रों के लिए गंगाधर शास्त्री भवन में एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉलेज की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं सहशैक्षणिक संरचना से परिचित कराना था। प्रो. संध्या यादव के स्वागत भाषण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी श्री राजेश कुमार ने उच्च शिक्षा के महत्व और नवाचार की दिशा में सोचने को प्रेरित किया। मुख्य प्रॉक्टर प्रो. वी.के. सिंह ने आचार संहिता व अनुशासन संबंधी जानकारी दी। प्रो. गौरांग मिश्रा ने नई शिक्षा नीति और ऋडढ की जानकारी दी, जबकि प्रो. अमित अग्रवाल ने टाइम टेबल और पाठ्यक्रम संरचना स्पष्ट की। प्रो. पूनम चांद ने करियर गाइडेंस और प्लेसमेंट सेल की कार्यप्रणाली बताई। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. सी.के. गौतम ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, संवादशील बनने और नवाचार में भागीदारी की प्रेरणा दी। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने शिक्षकों से जिज्ञासाएं साझा कीं। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# बल्केश्वर में अग्रसेन जयंती की तैयारी शुरू, केशव अग्रवाल बने संयोजक

एनएनआई

**आगरा।** श्री अग्रबंधु सेवा ट्रस्ट की ओर से 22 सितंबर को मनाई जाने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस अवसर को लेकर मंगलवार को बल्केश्वर स्थित सकारात्मक भवन में बैठक आयोजित की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बताया कि 25 वर्षों से बल्केश्वर क्षेत्र में अग्रसेन जयंती पर शोभायात्रा निकाली जा रही है। इस वर्ष आयोजन के संयोजक के रूप में केशव अग्रवाल और कंचन मित्तल को नियुक्त किया गया है। वहीं सह संयोजक के रूप में नरेंद्र अग्रवाल आर्य, बॉबी अग्रवाल



जौनई, आलोक सिंघल और आरती अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य संरक्षक संतोष गोयल ने जानकारी दी कि उमेश गोयल धर्म को सर्व व्यवस्था प्रमुख बनाया गया है तथा अन्य कार्यकताओं को कायानुंसार प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में सभी संयोजकों और प्रभारियों का स्वागत माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चंद्रेश गर्ग, दिनेश चंद सिंघल, अमित अग्रवाल ग्वाला, महामंत्री सतीश चंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, आशा अग्रवाल, बेबी अग्रवाल व रितु गोयल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए विमल गुप्ता सर्राफ का दावा, मिला देशभर से समर्थन

एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आगामी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए विमल गुप्ता सर्राफ ने बुधवार को पंचकुइया स्थित महासभा भवन कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, फिरोजाबाद मंडल, फतेहाबाद मंडल समेत कई प्रांतों से आए समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों ने उनके नाम का अनुमोदन करते हुए समर्थन व्यक्त किया। नामांकन के दौरान लगभग 50 प्रस्तावकों ने विमल गुप्ता के पक्ष में अपनी सहमति दी। बड़ी संख्या में शाखा सभाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उत्साहपूर्वक उनका समर्थन किया। कार्यक्रम में महिला शक्ति की भी सराहनीय भागीदारी रही, जिन्होंने पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ समर्थन जताया।

निर्वाचन आयोग अध्यक्ष अशोक कुमार



गुप्ता ने बताया कि महासभा के त्रिवार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महिला अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव आगामी अक्टूबर माह में प्रस्तावित हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त है। अब तक दोनों पदों के लिए कुल 6 नामांकन हो चुके हैं। मतदान का अधिकार केवल अखिल भारतीय शाखा सभा के अधिकृत पदाधिकारियों को होगा। नामांकन प्रक्रिया के दौरान भगवान रैपुरिया, बाबू रोशन लाल, अचल गुप्ता, संदीप गुप्ता, राजीव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, मुकेश गुप्ता (इलेक्ट्रिक), अशोक गुप्ता (सर्राफ), नीरा दिनेश, उपमा गुप्ता, शशि गुप्ता, शालिनी गुप्ता सहित अनेक प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब आगरा नियो ने मनाया विश्व स्तनपान सप्ताह

## सिकंदरा स्थित सिंघल हॉस्पिटल में महिलाओं को किया जागरूक




एनएनआई

**आगरा।** रोटरी क्लब आगरा नियो ने सिकंदरा स्थित सिंघल हॉस्पिटल एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया । डॉ. अर्चना सिंघल ने गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रसव के तुरंत बाद बच्चे को मां का दूध पिलाना न केवल पोषण का उत्तम स्रोत है, बल्कि मां-बच्चे के रिश्ते को भी मजबूत करता है। क्लब अध्यक्ष डॉ. योगेश सिंघल ने बताया कि नवजात को छह माह तक केवल स्तनपान कराना चाहिए, क्योंकि इससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है। सचिव पवित्र शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर यतीश सिंह, डॉ. डोनेरिया, मनोज बजाज, गौरी, सुधा, माधवी, निशा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कैटवॉक से लेकर केयर तकः वर्ल्ड कैट डे पर बिल्लियों के लिए आज विशेष आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** 8 अगस्त को वर्ल्ड कैट डे के अवसर पर बाईपास रोड स्थित नेहरू मल्टीस्पेशलिटी डॉग एंड कैट हॉस्पिटल में बिल्लियों के लिए विशेष स्वास्थ्य एवं फैशन से जुड़ा आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगेगा, जिसमें बिल्लियों का स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण, डीवार्मिंग तथा एंटी रेबीज टीकाकरण निःशुल्क किया जाएगा। बुधवार को कार्यक्रम का पोस्टर जारी करते हुए डॉ. संजीव नेहरू ने बताया कि यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित रहेगा, बल्कि इसमें एक कैट फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें रैंप पर बिल्लियाँ अपनी कैटवॉक का जलवा बिखेरेंगी। फैशन शो में चयनित टॉप 3 बिल्लियों को विशेष गिफ्ट हैंपर भी दिए जाएंगे। प्रबंधक निशि नेहरू ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बिल्लियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच को प्रोत्साहित करना है। सह प्रबंधक सलोनी नेहरू ने बिल्ली पालकों से अपील की कि वे अपने पालतू के साथ इस आयोजन में भाग लें और उन्हें स्वास्थ्य के साथ मनोरंजन का अवसर भी दिलाएं।




# लायंस क्लब आगरा प्रयास का 18वां अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न



- सेवा, अन्नदान और पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

एनएनआई

**आगरा।** लायंस क्लब आगरा प्रयास का 18वां अधिष्ठापन समारोह बुधवार को होटल हॉलिडे इन, संजय प्लेस में धूमधाम से आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीएमजेएफ जितेन्द्र सिंह चौहान (सीए लीडर फॉर जीएटी एवं एलसीआईएफ) ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव कुमार तोमर, डॉ. आरएन वर्मा (वीडीजी-1), अजय भार्गव (वीडीजी-2) सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रितेश मांगलिक, सचिव सुरभि पाटनी एवं कोषाध्यक्ष पंकज गर्ग ने कार्यभार ग्रहण किया। जितेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सेवा के साथ समाज को प्रेरित करना लायंस क्लब का उद्देश्य है। उन्होंने अन्नदान, स्वास्थ्य शिविर और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की बात कही।

पूर्व अध्यक्ष अशु मित्तल ने बताया कि क्लब को गत वर्ष 15 अवॉर्ड मिले, जिनमें 2 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थे। लायंस प्रयास की अदालत नामक रोचक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में संस्थापक अध्यक्ष संजीव मित्तल, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, डॉ. नरेंद्र मल्होत्रा, जय अग्रवाल, निधि लाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# विवि में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियां शुरू, निर्देश जारी

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा (पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय) द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025 के सफल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह कार्यक्रम भारत सरकार की पहल के अंतर्गत 2 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार हो रहा है, जिसके अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थानों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है।



डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा कुलसचिव अजय मिश्रा द्वारा "हर घर तिरंगा कार्यक्रम-2025" के आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभियान 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी आवासीय संस्थानों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य की गई है।

कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँः

2-8 अगस्तः तिरंगा प्रेरित कला, रंगोली, राखी निर्माण एवं धागे की गतिविधियाँ

9-12 अगस्तः तिरंगा मेला, म्यूजिकल कांसर्ट, सेल्फी बूथ, NCC/NSS द्वारा बाइक/साइकिल रैली

13-15 अगस्तः ध्वजारोहण, भवनों की तिरंगा लाइटिंग, सेल्फी अपलोड अभियान

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों व महाविद्यालयों से राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु इस अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने का आह्वान किया है।

# कम्पोजिट विद्यालय के बच्चे अब कंप्यूटर से पढ़ेंगे

एनएनआई

**आगरा।** लायंस क्लब की ओर से खंदारी रोड स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बच्चो को उनकी शिक्षा योगदान देने के लिए कंप्यूटर लेब की स्थापना की। शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व इंटरनेशनल डाइरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान, डिस्टिक गवर्नर संजीव कुमार तोमर, आर. एन वर्मा, द्वितीय डिस्टिक गवर्नर अजय भार्गव और रीजन चेयरपर्सन शिखा जैन ने किया।



जोन चेयरपर्सन रितु गोयल ने बताया कि खंदारी के कम्पोजिट विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के 200 बच्चो के लिए पाठ्यक्रम में प्रेक्टिकल के लिए कंप्यूटर का आभाव था। अब सभी बच्चे स्कुल में बनी कंप्यूटर लेब में कंप्यूटर चलना सीख पाएंगे। लायंस क्लब के सेवा कार्यो के क्रम में संगनी क्लब, खुशबू क्लब और आस्था क्लब के संयुक्त सहयोग से कंप्यूटर भेट किया गया है। सभी का धन्यवाद विद्यालय की इंचार्ज रितु सिंह ने दिया। इस अवसर पर सोनालिका अग्रवाल, स्वेता जैन, अंशु भार्गव, रितु मित्तल, गुंजन मित्तल, इन्दु जैन, रेखा बंसल, अलका अग्रवाल, मानसी, रूपल, सरोज, मनीषा, निधि, सारिका, चेतना, रिचा, आरती, साक्षी, पूजा आदि मौजूद रहे।

# एफडीपी के जरिए स्तनपान को लेकर किया जागरूक

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा और उत्थान फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के पांचवे दिन स्तनपान विषय पर तीन विचारोत्तेजक सत्र आयोजित किए गए।

इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर आशु रानी की अध्यक्षता में एवं उत्थान फाउंडेशन, दिल्ली के फाउंडर एवं प्रेसिडेंट मिस्टर उत्कर्ष कुमार सिंह की सह अध्यक्षता में किया जा रहा है। गृह विज्ञान विभाग की निदेशिका प्रोफेसर अचला गक्खड़, सक्षम सोसाइटी जयपुर की फाउंडर एवं प्रेसिडेंट डॉ शिल्पी चौहान, उत्थान फाउंडेशन, दिल्ली की ज्वाइंट सेक्रेटरी, डॉ राधिका अवस्थी के द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

गृह विज्ञान संस्थान की डीन प्रोफेसर अर्चना सिंह एवं एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ के डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड न्यूट्रीशन की हेड डॉ कहकशां परवीन के द्वारा कार्यक्रम का कुशलतापूर्व सफल समन्वयन किया गया। डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सीनियर डायटिशियन, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने "स्तनपान की चुनौतियों एवं समाधान" विषय पर बहुत अच्छा उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि स्तनपान की चुनौतियों में स्तनपान से जुड़ी समस्याएँ, स्तनपान के लाभों की जानकारी न होना, एवं सहयोग की कमी शामिल हैं। इनके समाधान में शिक्षा, स्तनपान परामर्श, कार्यस्थल नीतियाँ और स्तनपान की सफलता को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक जागरूकता आवश्यक है। डॉ दीप्ति सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड न्यूट्रीशन, गृह विज्ञान संस्थान, आगरा ने सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता एवं स्तनपान कराने वाली माताओं को अपने स्वास्थ्य से संबंधी नियमित जांच जैसे रक्त परीक्षण, कैल्सियम, विटामिन डी परीक्षण कराने पर जोर दिया एवं डॉक्टर से परामर्श कर दवाएं लेना, कैफीन का सेवन न करने की सलाह दी।

डॉ प्रिया यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ फूड एंड न्यूट्रीशन, गृह विज्ञान संस्थान, आगरा ने स्तनपान के वैश्विक उद्देश्य के सापेक्ष वास्तविक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला और बताया कि भारत ने स्तनपान को राष्ट्रीय पोषण मिशन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जोड़कर प्रगति की है। ठऋऋर-5 के अनुसार, देश में 6 माह तक के शिशुओं में अनन्य स्तनपान दर 63.7% तक पहुँच गई है। अब जरूरत है नीति, कार्यस्थल और सामुदायिक सहयोग से इसे और सुदृढ़ करने की। इस सत्र की चेयरपर्सन डॉ अनुपमा गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान संस्थान, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा रहीं। कार्यक्रम में देशभर से शिक्षकों, शोधार्थियों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।



# समर्पण ने राहगीरों को बांटी राहत किट

**आगरा एनएनआई।** भारत विकास परिषद् समर्पण शाखा की ओर से सेंट जोन्स चौराहा पर राहगीरों को राहत किट वितरित की गयी। शुरूआत डॉ. कैलाश चंद्र सारस्वत, टीटू गोयल और संजय कपूर ने की। अध्यक्ष विजित गुप्ता ने बताया कि संस्कृति माह के अंतर्गत सेवा कार्यो के क्रम में लगभग सौ राहगीरों और रिक्शा चालकों को राहत किट प्रदान की गई जिसमें पानी की बोतल, गमछा तथा फल प्रदान किये गए। राहत किट पा कर जरुरतमंदो के चेहरे खुशी से खिल गए। इस अवसर पर समीर जैन, रोहित गर्ग, लवली जैन, सोनिया गर्ग, संजीव दौनेरिया, उमेश गोयल, अनिल गुप्ता, संदीप मित्तल, अलका मित्तल, देवेंद्र मण्डलस, राजीव अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अंकित गर्ग आदि मौजूद रहे।

# टीडी टीकाकरण अभियान में सहयोग के लिए स्कूल प्रबंधकों से की अपील

**आगरा एनएनआई।** टिटनेस डिप्थीरिया कैच अप अभियान के अंतर्गत बुधवार को प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आगरा के स्कूलों के प्रबंधकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी आगरा डॉ. उपेंद्र कुमार के द्वारा स्कूल प्रबंधकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान 11 से 31 अगस्त तक आयोजित किय जाएगा। अभियान में कक्षा पांच (10 साल के बच्चे) एवं कक्षा 10 (16 साल के बच्चे) के बच्चों को टीडी के टीके लगाये जाएंगे। सीएमओ ने बताया कि डिप्थीरिया (गलघोंटू) एक संक्रामक बीमारी है जो कि बैक्टीरिया के कारण होती है। इसलिए सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को टीका लगाया जायेगा। उन्होंने सभी अभिवावक व शिक्षकों से अपील की कि कक्षा पांच व कक्षा दस में पढ़ने वाले बच्चों को टीडी का लगवाने के लिए प्रेरित करें और अभियान के दौरान उनका टीकाकरण अवश्य कराएँ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 195 विद्यालय के लगभग 24 हजार बच्चों को टीडी के टीके लगाए जाने लक्ष्य रखा गया है। सभी विद्यालयों में कक्षा पांच में पढ़ने वाले बच्चों का टीडी-10 का और कक्षा 10 के बच्चों को टीडी-16 का टीका लगाया जाएगा।

स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा टीकाकरण करने के पश्चात यू विन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ,यूनिसेफ व जे एस आई द्वारा मॉनीटरिंग व सपोर्टिव सुपरविजन कर-के सत्र का संचालन किया जाएगा। एसीएमओ आरसीएच डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि टीकाकरण कराना अति आवश्यक है।



# हवन के साथ शुरू हुआ संस्कृत सप्ताह

**आगरा एनएनआई।** केशव कुंज जयपुर हाउस स्थित श्री अष्टभुजा दुर्गा मन्दिर में आगरा महानगर संस्कृत भारती द्वारा श्रावण पूर्णिमा संस्कृत दिवस के अवसर पर संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ हवन कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम की आयोजक पूर्व पार्षद एवं संपर्क प्रमुख संस्कृत भारती क्षमा जैन सक्सैना ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रजप्रान्त प्रचारक धर्मेंद्र रहें। सर्वप्रथम संगठन के ब्रज प्रांत सह मंत्री गौरव द्वारा दिव्य संस्कृत भाषा के महत्व एवं संस्कृत सप्ताह के विषय मे अपनी प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। वैदिक मंत्रों के साथ दी जाने वाली आहुतियां पूर्ण वातावरण को प्रेरणामय एवं भक्तिमय बना रहीं थीं। सभी कार्यकताओं ने जीवन में संस्कृत भाषा के दैनिक व्यवहार में प्रयोग के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद अध्यक्ष रघुवीर पाल, मन्त्री डा. रेखा, सहमन्त्री नारायण, बालकेंद्र, दीपा, प्रशिक्षिका दीपिका, पारुल, मनीष, वीरा सक्सेना, निधि, वंदना, ज्योति आदि का विशेष योगदान रहा।



## परंपराः ब्रज में घर घर बन रहीं सेंवई, लगता है शिव और कृष्ण को भोग

**बाह** एनएनआई। ब्रज के गांवों में रक्षा बंधन पर शिव और जन्माष्टमी पर कृष्ण को सेंवई का भोग लगाने और प्रसाद के रूप में ग्रहण करने की परंपरा है। परंपरा के निर्वहन को आज कल घर घर सेंवई बनाई जा रही है। खाट की पाटी पर मशीन बांध कर सेंवई बनाते समय महिलाएं सावन के गीत और मल्हार भी गुन गुनाती हैं। रक्षा बंधन नजदीक आते ही बाह, तहसील क्षेत्र के गांवों में सेंवई बनाने में महिलाएं जुट गई हैं। जरार की उर्मिला, सावित्री, लक्ष्मी, बाह की रेनू भदौरिया, संगीता, राजेश्वरी देवी सुनीता देवी, जैतपुर की शिवानी, आशा, रोशनी ने बताया कि रक्षा बंधन और जन्माष्टमी को सेंवई पकाई जाती है। पहले शिव और कृष्ण को भोग लगा कर प्रसाद के रूप में पूरा परिवार ग्रहण करता है। यह परंपरा ब्रज के हर गांव में निभाई जाती है।

# अब उफनाई यमुना नदी

### तराई के खेतों में भरा पानी, प्रशासन ने बढ़ाई सतर्कता, बनाई जाएंगी 5 बाढ़ चौकियां

एनएनआई

**बाह।** बाढ़ के बाद चंबल शांत हुई तो यमुना नदी उफान लेने लगी है। लगातार चढ़ रही यमुना का पानी कछार के साथ ही तराई के खेतों में बाजरा, तिल और सब्जियों के खेत में भर गया है। अभी आबादी क्षेत्र प्रभावित नहीं है। लेकिन यमुना के उफान के मद्देनजर प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है, बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बनाई जा रही हैं। यमुना नदी के उफान का पानी रामपुर चंद्रसेनी, बलाई, बिठौली, बटेश्वर, भौंर, स्याइच, कोट का पुरा, बड़ा पुरा, सुंसार, बिक्रमपुर कछार, कमतरी, चतुर्भुजपुरा, नौगवां, चरीथा, गढ़वार, बाग गुड़ियाना आदि गांवों के तराई के खेतों में भर गया है। ग्रामीण किसान फसल नष्ट होने के अंदेशे से चिंतित हो उठे हैं। नदी में उफान जारी रहा तो रामपुर चंद्रसेनी, बिक्रमपुर घाट, चरीथा, बड़ा पुरा आदि दर्जन भर गांव की आबादी प्रभावित होगी। लगातार चढ़ रही यमुना नदी ने तटवर्तीय 35 गांवों के लोगों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। बाह के एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। आबादी क्षेत्र प्रभावित नहीं है। लेखपालों को गांव के लोगों को नदी क्षेत्र में न जाने के लिए जागरुक करने की हिदायत दी गई है। बचाव और राहत के लिए 5 बाढ़ चौकियां बटेश्वर, बिक्रमपुर, पारना, कचौराघाट, रामपुर चंद्रसेनी में बनाई जाएंगी।



## दो नाबालिग बहनों के नहाते हुए बनाए वीडियो

एनएनआई

**अछनेरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के एक गांव में शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। दो नाबालिग बहनों के नहाते समय उनके ही पड़ोसी युवक ने दीवार में से ईंट निकालकर छिपकर वीडियो बना ली। मामला तब उजागर हुआ जब बड़ी बहन को युवक की हरकत का आभास हुआ और वह रोती हुई ऊपर छत पर पहुंचे अपने पिता को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पिता ने मौके पर जाकर देखा तो पाया कि दीवार में ईंट निकाली गई थी, जिससे अंदर झांकने की कोशिश की गई थी। उन्होंने तत्काल थाना अछनेरा और पीआरबी पुलिस को सूचित किया। जब आरोपी युवक के बड़े भाई को इसकी जानकारी दी गई तो उसने न केवल अभद्रता की, बल्कि गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ के दौरान युवक का मोबाइल जब्त किया गया, जिसमें एक अश्लील वीडियो भी बरामद हुआ, जिसमें पीड़िता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। पीड़ित परिजनों को आशंका है कि आरोपी ने अन्य वीडियो पहले ही डिलीट कर दिए हैं। पीड़ित पिता भूरी सिंह का आरोप है कि आरोपी अजयपाल पहले से ही उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी अजयपाल को गिरफ्तार कर लिया है। थाना अछनेरा के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह अत्यंत निंदनीय घटना है। आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है और जांच के आधार पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## देशी शराब के ठेके से चोरी, सीसीटीवी और डीबीआर भी ले गये

**बाह** एनएनआई। टोड़ीपुरा के नीरज कुमार की मां के नाम मुड़ियापुरा नहर पर देशी शराब के ठेके की दुकान है। सेल्समैन मुकेश दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। दुकान से शराब की 6 पेटी, 3 हजार की नगदी, सोलर प्लेट, इन्वर्टर, बैटरी, सीसीटीवी कैमरा और उसकी डीबीआर आदि नहीं मिले। बाह थाने में तहरीर दी गई है।

## विप्रावली में जंगली हमलावर का आतंक

एनएनआई

**पिनाहट।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव विप्रावली में अज्ञात जंगली जानवर का आतंक ग्रामीणों के लिए भारी मुसीबत बन गया है। बीते तीन दिनों में इस जानवर ने गांव के अलग-अलग इलाकों में 9 मवेशियों को मौत के घाट उतार दिया, जबकि कई अन्य मवेशी गंभीर रूप से घायल हैं। अचानक रात के समय खेतों और बाड़ों में घुसकर मवेशियों पर हमला करने वाले इस जानवर की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों ने डर के साये में जीते हुए वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद विभागीय टीम गांव पहुंची और हमले के चिन्हों और पैरों के निशानों की जांच की। वन विभाग की टीम ने गांव में पिंजरे लगाने और निगरानी के लिए कैमरे लगाने का आश्वासन दिया है।

गांव के प्रधान और ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। बच्चों और महिलाओं में खासकर भय का माहौल है। यदि जल्द ही कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया, तो यह जानवर जानमाल के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

## डग्गेमारी के खिलाफ सीएम को भेजा ज्ञापन

एनएनआई

**बाह।** भदावर बस अड्डा बाह के सामने सड़क पर रोडवेज बस, डग्गेमार वाहन आड़े तिरछे खड़े होने से लगने वाले जाम के विरोध में समाजसेवी मनमोहन पांडेय ने सोमवार को अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया था। मंगलवार को बाह के एआरएम सोहेन्द्र सिंह ने डग्गेमार वाहनों को खदेड़ा था। बावजूद इसके ढर्रा नहीं बदला है, बुधवार को बाह बस अड्डे के सामने सड़क पर डग्गेमार वाहनों की बजह से जाम के हालात पैदा हो गये। त्यौहारी सीजन में जाम के हालात से सड़क किनारे के दोनों ओर के दुकानदार परेशान हैं। वहीं स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राएं जाम के हालातों से जूझने को मजबूर हैं। बुधवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष दयाशंकर बोहरे, मनमोहन पांडेय, गणेश गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव, कमल प्रजापति, विनोद कुमार, स्वतंत्र कुमार, मनीष जैन, छोटू जैन, सोनू पचौरी, अंकुर तिवारी ने तहसील मुख्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें बाह के बस अड्डा क्षेत्र के बाजार और सड़क को डग्गेमार वाहनों से लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने की मांग की गई है। पुलिस और रोडवेज द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।



## चोरी की सूचना के 24 घंटे के भीतर खेत में मिली मोटरसाइकिल, पुलिस जांच में जुटी

एनएनआई

**पिनाहट।** थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव क्योरी में मोटरसाइकिल चोरी की सूचना के महज एक दिन बाद ही बाइक गांव के खेतों में लावारिस हालत में मिली।

गांव क्योरी निवासी उदईया उर्फ उदय सिंह ने मंगलवार को अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना थाना पिनाहट में दी थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बुधवार सुबह गांव के कुछ किसान खेतों की ओर जा रहे थे, तभी उन्हें एक मोटरसाइकिल लावारिस स्थिति में खेत में खड़ी मिली। किसानों ने पास जाकर देखा तो वह बाइक उसी युवक की थी जिसकी चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह स्पष्ट किया जाएगा कि मोटरसाइकिल चोरी हुई थी या किसी शरारती तत्व द्वारा छिपाई गई थी।



# संपादकीय

## रोजगार पर बढ़ता नया खतरा

भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 12,200 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा से पूरे सेवा क्षेत्र में एक डर व खौफ पैदा हो गया है। कंपनी जिन कर्मचारियों को हटा रही है, वे सभी मध्यम से उच्च दर्जों पर कार्यरत हैं। अमेरिकी कंपनी ऑपेन एआई द्वारा चैटजीपीटी सेवा लॉन्च करने के ठीक ढाई साल बाद टीसीएस ने अपने वर्क फोर्स को पुनर्संगठित करने का एलान किया है। चैटजीपीटी अति सक्षम एलएलएम के साथ आया। उसके बाद अनेक कंपनियों ने ऐसे सोल्यूशन बाजार में पेश किए हैं। इस बीच चीनी कंपनियों ने ओपन सोर्स में ऐसे समाधान उपलब्ध करवा कर कम बजट वाली कंपनियों के लिए भी एआई के इस्तेमाल को आसान बना दिया है। यानी यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जो कंपनियां टीसीएस जितनी महंगी सेवा खरीदने में सक्षम नहीं हैं, वे भी आगे चल कर एआई के जरिए अपना मुनाफा बढ़ाने का प्रयास करेंगी। इन सबकी तलवार ह्वाइट कॉलर जॉब्स पर पड़ेगी। मशीनीकरण और इंटरनेट के उपयोग के जरिए ऑटोमेशन के जो पहले और दूसरे दौर आए, उनका शिकार ज्यादातर ब्लू कॉलर जॉब बने।

खुद टीसीएस कंपनी के बयान से साफ है कि वह अपने कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का अधिक उपयोग करने जा रही है। लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एलएलएम) के प्रचलित होने के बाद एआई समाधान ऐसे अनेक कार्य करने में सक्षम हो गए हैं, जिन्हें करने के लिए अब तक इंसान की जरूरत होती रही है। जिस बिंदु पर अपने कर्मचारियों की तुलना में ऐसे समाधानों में निवेश कंपनियों को किफायती लगेगा, वे अपने काम को एआई के जरिए ऑटोमेटेड (स्वचालित) करेंगी, यह अनुमान पहले से रहा है।यह विभिन्न समाजों के सामने नई चुनौती है। बेशक, तकनीक के विकास को रोका नहीं जा सकता। लेकिन उनका उपयोग कैसे हो और उनका कैसे अधिकतम लोगों के हित में उपयोग हो, इस पर जरूर चर्चा की जानी चाहिए। मगर, मुनाफा प्रेरित अर्थव्यवस्था में ऐसी चचाओं के लिए शायद ही कोई गुंजाइश रहती है। भारत मे 50 ऐसे अर्थशास्त्रियों के बीच सर्वे किया, जो भारत सरकार से संबंधित किसी पद पर नहीं हैं। सर्वे में इन ह्वस्वतंत्र अर्थशास्त्रियोंह्व से भारत में बेरोजगारी की स्थिति को समझने का प्रयास किया गया। निष्कर्ष यह निकला कि भारत सरकार का बेरोजगारी संबंधी आंकड़ा सही नहीं है। बल्कि इन आंकड़ों के जरिए बेरोजगारी और अर्ध-रोजगार की गंभीर स्थिति पर परदा डाला जा रहा है। अर्थशास्त्रियों में आम राय उभरी कि भारत भले दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हो (इस वर्ष जनवरी-मार्च में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रही), मगर ये आर्थिक वृद्धि दर पर्याप्त संख्या में नियमित वेतन वाली नौकरियां पैदा करने में नाकाम है। जबकि हर वर्ष लाखों की संख्या में नौजवान रोजगार बाजार में प्रवेश कर रहे हैं।सर्वे में शामिल 37 अर्थशास्त्रियों ने राय जताई कि सरकार के आंकड़े जितनी बेरोजगारी बताते हैं, असल में ये दर उससे दोगुना तक है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जून में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों के मुताबिक समस्या रोजगार की सरकारी परिभाषा है। भारत में जो परिभाषा अपनाई गई है, वह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है। इसलिए भारत में जो आंकड़ा दिया जाता है, उनकी तुलना अन्य देशों के आंकड़ों से नहीं की जा सकती। भारत में हफ्ते में एक घंटा काम करने वाले व्यक्ति को रोजगार-शुदा मान लिया जाता है। उधर कृषि जैसे घरेलू कारोबार में हाथ बंटाने वाली महिलाओं को भी रोजगार-शुदा माना जाता है, जबकि उन्हें काम के बदले कोई भुगतान नहीं होता।भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव का कहना महत्त्वपूर्ण है कि बेरोजगारी हमारी एक बड़ी चुनौती है और मैं नहीं मानता कि सरकारी आकंड़े जमीनी स्थिति की सही झलक देते हैं। ऐसा नहीं है कि यह बात पहली बार सामने आई हो। दरअसल, भारत सरकार के रोजगार संबंधी तथा अन्य आर्थिक आंकड़ों पर संदेह का साया लगातार गहराता गया है। मगर उनसे वर्तमान सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ता।आखिर, जैसाकि एक विशेषज्ञ ने कई वर्ष पहले कहा था, मौजूदा सरकार का मकसद अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि आर्थिक सुर्खियों को चमकाना भर है। जानकारों के मुताबिक टीसीएस ने जो पहल की है, वह अब कम-से-कम आईटी सेक्टर में एक टिकाऊ ट्रेंड बन सकता है। बाजार में मांग ना बढ़ने के कारण भारतीय कॉरपोरेट सेक्टर की गतिविधियों में विस्तार की आशा नहीं है। ऊपर से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर ने बाहरी बाजार की स्थिति भी बिगाड़ दी है। देशी और विदेशी कॉरपोरेट्स एवं संस्थानों को अपनी सेवाएं देना ही आईटी कंपनियों का प्रमुख कारोबार है।

चूंकि ये कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का अब अधिक से अधिक उपयोग कर रही हैं, इसलिए उनके यहां रोजगार के अवसरों का सिकुड़ना भी तय माना जा रहा है। इन सबका नतीजा आम आमदनी में गिरावट होगा। उस हाल में उपभोग और बाजार में मांग की स्थिति और बदतर हो सकती है। गौरतलब है कि देश में आईटी सेक्टर स्थायी रोजगार का एक बड़ा स्रोत रहा है। हर साल इंजीनियरिंग कॉलेजों से निकलने वाले हजारों ग्रैजुएट्स को यहां काम मिलता रहा है। लेकिन जब छंटनी की स्थितियां बन रही हों और आम कॉरपोरेट सेक्टर के विस्तार की उम्मीद कम हो, तब जाहिर है, नए रोजगार की गुंजाइशें नहीं बन सकतीं।



# ‘विकास’ से तबाह धराली

## भागीरथी संवेदनशील क्षेत्र में 'छेड़छाड़' पड़ी भारी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के जिस क्षेत्र यानी धराली में आपदा आई है, वो क्षेत्र भागीरथी पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। दरअसल, इस क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 18 दिसंबर 2012 को गौमुख से उत्तरकाशी तक करीब 4179।59 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को भागीरथी पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने की अधिसूचना जारी की थी। लेकिन साल 2018 में अधिसूचना में संशोधन किया गया। जिसके बाद इस संवेदनशील क्षेत्र में अनियमित गतिविधियां होने लगी। जिसका ही नतीजा है कि इस क्षेत्र में प्राकृतिक घटना ने भयंकर आपदा का रूप ले लिया।

उत्तराखंड राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण आपदा जैसे हालात बनते रहते हैं। खासकर मॉनसून सीजन के दौरान भारी बारिश के कारण प्रदेश के तमाम क्षेत्रों की स्थितियां काफी गंभीर हो जाती है। हालांकि, वैज्ञानिक शुरू से ही इस आपदा की वजह मानव जनित मानते रहे हैं। क्योंकि जो क्षेत्र संवेदनशील है, उन क्षेत्रों की संवेदनशीलता को दरकिनार कर डेवलपमेंट के कार्य किया जा रहे हैं, जो आने वाले समय में एक बड़ी चुनौती बन सकती है। कुछ साल पहले जोशीमठ में भी भू-धंसाव का एक बड़ा मामला सामने आया था। जिस दौरान वैज्ञानिकों ने इस बात पर जोर दिया था कि भू-धंसाव की मुख्य वजह यही है कि जोशीमठ शहर में अनियंत्रित तरीके से डेवलपमेंट के कार्य किए गए हैं।

भागीरथी पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र की निगरानी समितिः वहीं, अब उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में बादल फटने की वजह से बनी आपदा की स्थिति भी मानव जनित मानी जा रही है। उत्तरकाशी का ये क्षेत्र पहले से ही संवेदनशील है। जिसके चलते वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने साल 2012 में गंगोत्री से उत्तरकाशी तक के इस क्षेत्र को भागीरथी पारिस्थितिकी- संवेदनशील क्षेत्र घोषित करते हुए अधिसूचना



जारी की थी। इस बारे में भागीरथी पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र के निगरानी समिति की सदस्य मल्लिका भनोट ने ईटीवी भारत को विस्तार से बताया है।

2012 में अधिसूचना जारी कीः मल्लिका भनोट ने बताया, साल 2006 में भागीरथी और गंगा नदी के तट पर तीन जल विद्युत परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। लेकिन इन तीनों जल विद्युत परियोजनाओं के खिलाफ स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया था। जिसके चलते केंद्र सरकार ने तीनों जल विद्युत परियोजनाओं को रद्द कर दिया था। साथ ही केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र को पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र भी घोषित करने का निर्णय लिया।

जिसके तहत, केंद्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में दिए गए प्रावधानों के तहत गोमुख से उत्तरकाशी तक करीब 4179।59 वर्ग किलोमीटर (करीब 135 किलोमीटर) क्षेत्र को भागीरथी पारिस्थितिकी-संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया। साथ ही केंद्र सरकार ने 18 दिसंबर 2012 को भागीरथी पर्यावरण- संवेदनशील क्षेत्र की अधिसूचना भी जारी कर दी। भारत सरकार के इस निर्णय के बाद उत्तराखंड में तमाम विपक्षी नेताओं ने अपनी आपत्ति जताते हुए इसे विकास विरोधी बताया था। इसके बाद उत्तराखंड सरकार ने संवेदनशील घोषित क्षेत्र में विकास के लिए एक क्षेत्रीय मास्टर प्लान बनाने का निर्णय लिया था। ताकि स्थानीय लोगों के अधिकारों और विशेषाधिकारों को बिना प्रभावित किए बुनियादी ढांचे के विकास की गति को बरकरार रखा जा सके।

2018 में अधिसूचना पर संशोधन किया गयाः साल 2012 में भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना में साल 2018 में संशोधन किया गया। इस संशोधन में इस बात का जिक्र किया गया कि भागीरथी पारिस्थितिकी की संवेदनशील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को बनाते हुए विकास को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को अनुमति देने की मांग की गई है। जिसके चलते पर्यावरणीय प्रभावों का अध्ययन करने के साथ ही राज्य सरकार ने जनहित और राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नागरिक सुविधाओं और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास समेत अन्य स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने का निर्णय लिया। जिसके दृष्टिगत भूमि उपयोग परिवर्तन को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को सुविधा देने के लिए भागीरथी पारिस्थितिकी की संवेदनशील क्षेत्रों में पहाड़ियों के काटने और असाधारण मामलों में खड़ी ढलानों पर भी निर्माण की अनुमति दी गई।

ऑलवेदर रोड भी रही मुख्य वजहः इसके साथ ही अधिसूचना में संशोधन करने की एक मुख्य वजह चारधाम ऑलवेदर रोड भी था। ऐसे में 17 जुलाई 2020 को पर्यावरण मंत्रालय ने गोमुख से उत्तरकाशी तक पहले करीब 135 किलोमीटर क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए क्षेत्रीय मास्टर प्लान को भी मंजूरी दे दी। जिसकी मुख्य वजह यही थी कि भागीरथी पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र का संरक्षण करने के साथ ही इस क्षेत्र में विकास गतिविधियां शुरू की जा सके। साथ ही चारधाम ऑलवेदर रोड परियोजना भी धरातल पर उतर सके। उत्तराखंड सरकार के इस मंजूरी यानी भारत सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में संशोधन किए जाने के बाद भागीरथी पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्रों में विकास की बाढ़ सी आ गई। हालांकि, जब उत्तराखंड चारधाम ऑल वेदर रोड के परियोजना का कार्य शुरू हुआ तो उस दौरान भागीरथी पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र के संरक्षण का मामला काफी अधिक चचाओं में रहा। क्योंकि उस दौरान तमाम पर्यावरण प्रेमियों ने इसका विरोध किया था। उसे दौरान यह बातें सामने आई थी कि ऑलवेदर रोड का हिस्सा भागीरथी पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में भी आ रहा है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंचा और तमाम सुनवाई और दलीलों के बाद फिर सुप्रीम कोर्ट ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी। इसके बाद ऑलवेदर रोड का निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ी और वर्तमान समय में ऑलवेदर रोड का काम पूरा हो चुका है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNi हर ख़बर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# बिग बॉस 19 में दिव्यांका त्रिपाठी की होगी एंट्री

बिग बॉस 19 का ऐलान हो चुका है। शो को लेकर काफी बज बना हुआ है। फैंस शो के लिए काफी एक्साइटेड हैं। इस बार शो में कौन से कंटेस्टेंट आएंगे इसको लेकर खबरें आ रही हैं। बता दें कि दिव्यांका त्रिपाठी और शरद मल्होत्रा शो 'बनूं मैं तेरी दुल्हन' में नजर आए थे। दोनों इस शो में मुख्य भूमिका में थे। सीरियल को काफी पसंद किया गया और सुपरहिट रहा। इसी शो से दोनों के बीच अफेयर शुरू हुआ। दोनों ने सालों तक डेट किया लेकिन फिर 2015 में दोनों अलग हो गए और अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए। दिव्यांका ने विवेक दहिया से शादी की। शरद ने रिप्सी भाटिया से शादी की। आपको बता दें कि दिव्यांका त्रिपाठी टीवी की बड़ी स्टार हैं। उन्होंने ये है मोहब्बतें और बनूं मैं तेरी दुल्हन जैसे शो किए हैं। दिव्यांका ने इन शो से घर-घर में नाम कमाया है। उन्होंने क्राइम पेट्रोल भी होस्ट किया है। हालांकि, अब वह टीवी से दूरी बनाए हुए हैं। वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नजर आ रही हैं। दिव्यांका द मैजिक ऑफ शिरी में नजर आई थीं। इस शो में उन्होंने एक जादूगर की भूमिका निभाई थी।



# 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन लेकर आ रहे अमिताभ बच्चन

मेगास्टार अमिताभ बच्चन एक बार फिर लोकप्रिय टेलीविजन क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के 17वें सीजन के साथ दर्शकों के बीच लौट रहे हैं। इस नए सीजन की शुरूआत 11 अगस्त को होगी। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में बताया कि वह इस नए सफर को लेकर उत्साहित के साथ ही घबराए हुए भी हैं। अमिताभ ने लिखा, काम शुरू... सुबह जल्दी उठना, जल्दी काम शुरू... केबीसी के नए सीजन का पहला दिन... हमेशा की तरह घबराहट, कांपते घुटने और आशंका भी। अमिताभ ने शो के प्रतियोगियों और दर्शकों की एनर्जी को इसका असली आधार बताया। उन्होंने कहा, प्रतियोगी और केबीसी के मंच पर मौजूद दर्शक ही इस शो को खास बनाते हैं। उनकी एनर्जी से ही हमारा उत्साह बढ़ता है। मेरी ओर से उन्हें शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने गुरुवार को केबीसी के 17वें सीजन के लिए नया कैंपेन 'जहां अक्ल है, वहां अकड़ है' लॉन्च किया। यह कैंपेन आज के भारत की भावना को दिखाता है, जहां ज्ञान लोगों को सशक्त बना रहा है। यह न केवल आम आदमी की महत्वाकांक्षाओं को बल देता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और 'कर सकते हैं' का जज्बा भी जगाता है।



# हिंदी में बोलने को कहने पर काजोल भड़कीं

## रिपोर्टर पर झलकीं

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने मुंबई में आयोजित महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार 2025 के दौरान पत्रकारों से हिंदी में बातचीत करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद ऑनलाइन विवाद छिड़ गया। अपनी माँ और दिग्गज अभिनेत्री तनुजा के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुईं अभिनेत्री को मीडिया के सवालों का जवाब मुख्यतः मराठी और अंग्रेजी में देते देखा गया। हालाँकि, जब एक पत्रकार ने उनसे हिंदी में अपनी बात दोहराने का अनुरोध किया, तो काजोल नाराज दिखीं और उन्होंने कहा, अभी मैं हिंदी में बोलूँ? जिसको समझना है वो समझ लेंगे। इस पल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें कई लोगों ने अपनी निराशा व्यक्त की है और अभिनेत्री की प्रतिक्रिया की आलोचना की है।



# 'महावतार नरसिम्हा' कमाई के तोड़ रही सारे रिकॉर्ड



महावतार नरसिम्हा ने भारत में एनीमेशन सिनेमा को लेकर बनी रूढ़िवादिता को तोड़ दिया है। यह फिल्म न केवल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है, बल्कि बॉलीवुड की कई बहुचर्चित फिल्मों को भी पछाड़ रही है। चाहे वीकेंड हो या हफ़्ते का मध्य – महावतार नरसिम्हा की रफ़्तार दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। जहाँ आमतौर पर हफ़्ते के दिनों में फिल्मों की कमाई धीमी हो जाती है, वहीं यह फिल्म हर दिन रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसने 'सैय्यारा', 'सन ऑफ सरदार 2' और 'धड़क 2' जैसी फिल्मों की कुल कमाई को पीछे छोड़ दिया है। इसकी बढ़ती लोकप्रियता और इसके प्रति लोगों के बढ़ते क्रेज को देखते हुए, यह कहना गलत नहीं होगा कि इसका अगला लक्ष्य 150 करोड़ क्लब है – और अब उस मुकाम तक पहुँचना बस समय की बात लगती है। फिल्म का प्रदर्शन लगातार बना हुआ है और आज की तारीख में ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है, खासकर जब बड़े सितारों से सजी फिल्में भी टिक नहीं पातीं। आंकड़ों की बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 13वें दिन 6 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया। इसके साथ ही इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 112.80 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म ने अब तक किसी भी दिन 6 करोड़ रुपये से कम की कमाई नहीं की है– जो अपने आप में एक बेंचमार्क है।

# 'भारत की जीत महज संयोग'

## बुमराह की गैरमौजूदगी में बर्मिंघम और ओवल टेस्ट जीतने पर बोले तेंदुलकर



**नई दिल्ली।** महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में जीतना महज संयोग था। उन्होंने कहा कि यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है। बता दें कि, बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में से तीन मैच में ही खेले थे। सीरीज में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही।

बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद सिराज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सभी पांच मैच में खेले जिसमें उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 23 विकेट झटके। बुमराह आंकड़ों के हिसाब से सिराज से कहीं आगे हैं। उन्होंने 48 टेस्ट मैच में 219 विकेट लिए हैं जबकि सिराज के 41 मैच में 123 विकेट हैं। योजना के अनुसार बुमराह की पांचवें और अंतिम टेस्ट में अनुपस्थिति उनके कार्यभार प्रबंधन को लेकर कुछ सवाल जरूर खड़े करती है लेकिन टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि इस शीर्ष तेज गेंदबाज के संबंध में जोखिम नहीं लिया जा सकता था। तेंदुलकर ने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जमकर तारीफ की जिन्होंने पूरे मैच में टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा, 'वह जब भी खेला है, उसने योगदान दिया है।

### स्टोक्स पर भड़के सचिन

तेंदुलकर ने स्टोक्स के इस स्पष्टीकरण को भी खारिज कर दिया कि उन्होंने अपने गेंदबाजों को आराम देने के लिए मैच जल्दी खत्म करने की मांग की थी। उन्होंने पूछा, 'पांचवें टेस्ट मैच में इंग्लैंड के गेंदबाजों को तरोताजा क्यों होना चाहिए? क्या आपके पास कोई जवाब है? इसका कोई जवाब नहीं है। मैं पूरी तरह से भारतीय टीम के साथ हूं। चाहे वह (गौतम) गंभीर हो या शुभमन (गिल) या जडेजा और वाशिंगटन, उन्होंने फैसला किया और मैं शत प्रतिशत उनके साथ हूं।'

### 'जडेजा और सुंदर को शतक बनाने का अधिकार'

इस दौरान सचिन ने मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की ड्रॉ की पेशकश पर भारत के इनकार पर भी बात की। उनका मानना था कि रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन को अपने शतक बनाने का पूरा अधिकार था और यह मालूम होने के बाद कि ड्रॉ ही संभावित परिणाम है तो खेल जारी रखने का फैसला पूरी तरह से सही भावना में लिया गया था। उन्होंने कहा, 'लोग चौथे टेस्ट मैच के बारे में बात कर रहे हैं कि क्या वाशिंगटन और जडेजा के शतक सही भावना से लगाए गए थे? ऐसा क्यों नहीं होना चाहिए? वे ड्रॉ के लिए खेल रहे थे। इससे पहले इंग्लैंड ने दबाव बनाया हुआ था। इसके बावजूद अगर कोई बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहा है।

## 'हम हमेशा साथ रहेंगे...'

### आईपीएल से संन्यास की चर्चाओं के बीच धोनी ने सीएसके के लिए लुटाया प्यार




चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चाओं का बाजार हमेशा गर्म रहता है। लेकिन धोनी ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उनकी नजदीकियां इस फ्रेंचाइजी के साथ काफी गहरी हैं। धोनी ने आईपीएल के अगले सीजन में खेलने को लेकर अभी रुख स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान फैंस को आश्वस्त किया कि उनके खेल करियर में आगे चाहे जो भी हो, उनका दिल हमेशा सीएसके के लिए धड़कता रहेगा।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

'धोनी के बिना कोई सीएसके नहीं है' यह वाक्यांश अक्सर प्रशंसकों के बीच सुना जाता है और धोनी खुद भी इस भावना को दोहराते हुए प्रतीत होते हैं। 44 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पुष्टि की कि सीएसके फ्रेंचाइजी के साथ उनका संबंध एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में उनके समय से परे भी बना रहेगा। कुछ दिनों पहले धोनी ने चेन्नई में आयोजित एक निजी कार्यक्रम को संबोधित किया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

धोनी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे पास निर्णय लेने के लिए बहुत समय है, लेकिन यदि आप पीली जर्सी में वापसी के बारे में पूछ रहे हैं तो मैं कहूंगा कि मैं हमेशा पीली जर्सी में ही रहूंगा, चाहे मैं खेलूं या नहीं, यह अलग बात है। मैं और सीएसके हम साथ हैं। आपको पता है, अगले 15-20 साल तक भी ऐसा रहेगा।

### शुरूआत से ही सीएसके का हिस्सा हैं धोनी

धोनी 2008 में आईपीएल के शुरूआत से ही सीएसके का हिस्सा हैं। धोनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ दी है, लेकिन आईपीएल 2025 में नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोट के कारण बाहर होने की वजह से धोनी ने कमान संभाली थी। हालांकि, पांच बार की चैंपियन सीएसके के लिए आईपीएल का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत सकी थी। सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी जो उसका टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन में से एक है। लेकिन धोनी की उपस्थिति से सीएसके के ड्रेसिंग रूम में ऊर्जा बनी रही और फैंस का भी टीम को जोरदार समर्थन मिलता रहा।

## शुभमन गिल आईसीसी प्लेयर ऑफ मंथ अवॉर्ड के लिए हुए नामित

### स्टोक्स-मुल्डर से टक्कर



नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल को जुलाई के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। इस अवॉर्ड के लिए उनकी टक्कर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीका के स्टार ऑलराउंडर वियान मुल्डर से है।

### इंग्लैंड दौरे पर बतौर कप्तान चमके गिल

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की सीरीज में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ की। गिल ने इस सीरीज में 75 .40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने सीरीज में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94 .50 की औसत से 567 रन बनाए। उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।'

### मुल्डर ने लारा का रिकॉर्ड तोड़ने से पहले घोषित की पारी

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265 .50 की औसत से 531 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, 'मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15 .28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं।'

## स्टेट कराटे चैंपियनशिप में बाह की दीक्षा ने रजत और सुहानी ने कांस्य पदक जीता

एनएनआई

**बाह।** सीआईएससीई बोर्ड की स्टेट कराटे चैंपियनशिप कानपुर में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश के 7 मंडलों आगरा, कानपुर, लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, मेरठ, वाराणसी में जीते खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। ग्लोबल स्कूल ऑफ साइंस बाह का प्रतिनिधित्व करते हुए 17 वर्ष आयु वर्ग में सुहानी तोमर ने कांस्य पदक, 14 वर्ष आयु वर्ग में दीक्षा ने रजत पदक जीता। नॉर्थ जोन के कोर्डिनेटर वनिता मेहरोत्रा, डॉ. सुषमा मंडल ने पुरस्कृत किया। कोच रश्मी चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। निदेशक मनीष कुमार, डॉ. अभिषेक पाठक, प्रधानाचार्य रामसेवक शर्मा, नवीन कुमार, सौरभ गोस्वामी, भानु प्रताप सिंह, गजेन्द्र सिंह,



नीलेश तोमर, संध्या चौहान, बबली यादव, गुंजन पचौरी, नंदनी शर्मा ने खुशी का इजहार कर बधाई दी है।

## गुरुवार, 07 अगस्त राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ फलदायी होगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में जोश और उत्साह से काम करने आज लाभ मिलेगा। आज आपको कार्यक्षेत्र में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आप कुछ नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं।

वृषभ राशि के जातको के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपके घर में मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। शादी की बात चल रही है तो आज बात बन जाने की संभावना प्रबल रहेगी। रिश्तेदारों के बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। सितारे कहते हैं कि आप आज अपनी कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करना होगा इससे आपको अधिकारी वर्ग से सपोर्ट मिलेगा। किसी काम के मामले में आज आपको अधिकारी वर्ग से मंजूरी मिल सकती है।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अपना काम पूरा करने के लिए आज अधिक प्रयास करना होगा। वैसे नौकरी में आज आपको सहकर्मियों से पूरा सहयोग मिलेगा। बिजनेस करने वाले जातको के लिए दिन आज लाभदायक होगा लेकिन किसी बात से आपको आज तनाव भी मिलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहेगा। शाम के समय कुछ उलझन और परेशानी हो सकती है। आपके लिए सितारे बताते हैं कि, आज आपको किसी नए और बेहतरीन प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकता है।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक होगा। आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी आपको अपने परिवार के साथ आज वक्त बिताने का मौका मिलेगा और आपकी कुछ समस्याओं का भी समाधान होगा। नौकरीपेशा लोग आज अपने काम के प्रति समर्पित और सजग रहेंगे।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। सेहत के मामले में नरमी रह सकती है। आज काम के प्रति भी आप में अनिच्छा का भाव रहेगा। ऐसे में आप आज काम को टालने का प्रयास कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में दिन खचीर्ला होगा।

वृश्चिक राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप आज आर्थिक मामलों में संयमित होकर चलने का प्रयास करेंगे फिर भी कुछ अप्रत्याशित खर्च की वजह से बजट हिल सकता है। पारिवारिक जीवन के मामले में आज का दिन आपका सामान्य रहेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज गुरुवार का दिन शुभ लाभदायक होगा। चंद्रमा आपकी राशि से जाते हुए आज आपको लाभ और खुशी की सौगात दे जाएंगे। आपके घर में मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। बीमार चल रहे जातकों की सेहत मे आज सुधार दिखेगा।

मकर राशि के जातक आज मानसिक उलझन और परेशानी में रह सकते हैं। सेहत के मामले में भी आज का दिन नरम रह सकता है। सितारे कहते हैं कि आज के दिन लाभ और सफलता पाने के लिए आपको निरंतर प्रयास करते रहना होगा।

कुंभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आप आज अपने फायदे के लिए दूसरों को नुकसान पहुंचाने की प्रवृति से बचें। अपनी बातों और निर्णयों आज स्पष्टता बनाए रखें नहीं तो गलतफहमी हो सकती है। आपको आज वाणी व्यवहार को भी संयमित रखने की जरूरत होगी।

मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन कुल मिलाकर अनुकूल रहेगा। आपको अपनी सकारात्मक सोच और कार्ययोजना का फायदा मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आज आपके सामंजस्य और तालमेल बना रहेगा। नौकरी कारोबार में आज आपकी स्थिति सामान्य रहेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में छात्रों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

एनएनआई





**आगरा।** प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल में बुधवार को पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करना था। मुख्य अतिथि पुनीता यादव (रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर) और विशिष्ट अतिथि डी.पी. सिंह (रिटायर्ड डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर) ने छात्रों को पर्यावरण की महत्ता बताई और लगभग 500 पौधे वितरित किए। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों को आम, अमरूद, नीम, पीपल के 200 पौधे और कक्षा एक से दस तक के छात्रों को 300 पौधे दिए गए। पुनीता यादव ने बच्चों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर उन्हें जीवित रखें और पर्यावरण की रक्षा करें। डी.पी. सिंह ने कहा कि हर छात्र को एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर लगाना चाहिए और उसका उसी तरह ध्यान रखना चाहिए जैसे माँ का रखा जाता है। विद्यालय निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता ने छात्रों से आग्रह किया कि वे लगाए गए पौधों के साथ सेल्फी भेजें, जिससे उनकी देखभाल सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर छात्रों ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

# जयघोष संग की प्रभु श्रीराम की आरती

## जनकपुरी महोत्सव समिति और रामलीला कमेटी के पदाधिकारी हुए शामिल

एनएनआई



**आगरा।** हे राजा राम! तेरी आरती उतारू जैसे भक्ति गीतों और जय श्रीराम, जय सियाराम के उद्घोषों से बुधवार शाम कमला नगर स्थित जनकपुरी महोत्सव समिति कार्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया। समिति द्वारा प्रतिदिन आयोजित हो रही प्रभु श्रीराम की आरती में इस बार रामलीला कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए और राम दरबार की आरती में भावपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सबने प्रभु श्रीराम से जनकपुरी महोत्सव और रामलीला के सफल आयोजन की कामना की। आयोजन का नेतृत्व समिति अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल (एकता बिल्डर) और राजा जनक राजेश अग्रवाल (रसोई रत्न) ने किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, महामंत्री राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश जौहरी, विनोद जौहरी, भगवान दास बंसल, सीताराम अग्रवाल, विजय गोयल, ताराचंद अग्रवाल, विकास बंसल लड्डू भाई, राहुल गौतम व राम मनु शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जनकपुरी समिति की ओर से पार्षद प्रदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, संतोष मित्तल, राम रतन मित्तल, केके अग्रवाल, अशोक गोयल, डॉ. जितेंद्र तिवारी, शिवानी त्यागी, सोनिया शर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्री श्याम अरदास संकीर्तन में गूंजे भक्ति के स्वर, भक्त भावविभोर

एनएनआई



**आगरा।** 'हम हैं श्याम के प्यारे, बाबा श्याम हमारे' जैसे भक्ति गीतों से रविवार को जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो उठा। अवसर था आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री श्याम अरदास संकीर्तन महोत्सव का, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा खाटू श्याम की अलौकिक श्रृंगारित प्रतिमा के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर की गई।

संस्थापक मोहित अग्रवाल, अध्यक्ष अमन गर्ग व उपाध्यक्ष सौरभ बंसल ने विधिवत रूप से मंगल आरती उतारी। मुख्य गायिका ग्वालियर से आईं ऋषिका ठाकुर ने "हमारी दौलत है खाटू श्याम, जिसकी नैया श्याम भरोसे, थक सा गया हूं मैं बाबा जैसे भक्ति गीतों से समां बांधा। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। इससे पूर्व समिति द्वारा श्याम बाबा की पोशाक सेवा की गई। आयोजन में गगन गर्ग, नीरज गर्ग, सौरभ अग्रवाल, शशांक, सचिन, मनीष, अमित, निखिल, दिव्यांश अग्रवाल, आशु गर्ग, अशोक अग्रवाल, दिनेश शर्मा व प्रिंस गोयल समेत अनेक भक्त मौजूद रहे।

# भाविप नवज्योति ने किया गौ पूजन, गायों को कराई हरी सब्जियों की सेवा



**आगरा (एनएनआई)।** गोसेवा ही सच्ची सेवा है–इस भाव के साथ भारत विकास परिषद ह्यनवज्योतिह्न शाखा द्वारा कमला नगर स्थित कर्मयोगी गोशाला में बुधवार को गोसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारियों ने गोमाता का विधिवत पूजन कर चोकर, हरा चारा, हरी सब्जियां, चना दाल, गुड़ आदि खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यक्ष सीए दीपिका मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में गोसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भारतीय संस्कृति की मूल भावना को संजोना है। उन्होंने गाय के पौराणिक महत्व व दैनिक जीवन में इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। सचिव अनिल अग्रवाल ह्यटोंटी भाईह्न ने कहा कि गाय और बैल जैसे गोवंश पर क्रोध करना भी अनुचित है, क्योंकि इनमें 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास माना गया है। इस अवसर पर बृज प्रांत से डॉ. अमित अग्रवाल, प्रमोद सिंघल, संस्थापक प्रदीप अग्रवाल, संयोजक शेखर अग्रवाल, संरक्षक श्रीनाथ गुप्ता, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, डॉ. कल्पना अग्रवाल, अनुपमा गुप्ता, नीता अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।